Nai Dunia (Indore), 6th April 2020, Page-1

# आईआईटी इंदौर ने दी वायरस का सैंपल तैयार करने वाली पीसीआर मशीन

इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर ने कोरोना वायरस टेस्ट में मदद करने के लिए अपनी 10 लाख रुपए कीमत की मशीन उपयोग करने के लिए दी है।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज को संस्थान ने अपने बायोमेडिकल लैब में उपयोग में आ रही पोलीमरेज चैन रिएक्शन मशीन (पीसीआर) दी है। इस मशीन का उपयोग कोरोना की टेस्ट प्रक्रिया में किया जाता है। वायरस का टेस्ट करने के पहले टेस्ट सैंपल को इस मशीन से गुजरना होता है। मशीन में मरीज के सैंपल को रखा जाता है और एक मिनट में 13 हजार से 14 हजार बार इसे घुमाया जाता है। आईआईटी के पीआरओ सुनिल कुमार ने बताया मशीन में तीन से चार डिग्री तापमान पर सैंपल टेस्ट के लिए तैयार होता है। संस्थान के निदेशक प्रो. निलेश कुमार जैन ने बताया एमजीएम कॉलेज ने कहा था कि उनकी एक मशीन खराब हो गई है। अप्रैल के लिए पीसीआर मशीन उपयोग करने के लिए ली है।